भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2396
03 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

नगरों में अनियोजित विकास

2396. श्री डी.के. सुरेशः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि अनियोजित विकास के कारण बंगलुरू और दिल्ली सहित महानगरों में सम्पति और मानव जीवन की भारी हानि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी सहायता से महानगरीय क्षेत्रों के लिए वैज्ञानिक आधारित योजना और विकास करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची के अनुसार नगर नियोजन सहित शहरी नियोजन शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की जिम्मेदारी है। 12वीं अनुसूची में नगर पालिकाओं की शक्तियों, प्राधिकार और जिम्मेदारियों को निर्दिष्ट करने संबंधी प्रावधान है।

(ग) और (घ): भारत सरकार, योजनाओं के माध्यम से शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की सुविधा प्रदान करती है। सरकार ने घोषणा की है कि:

- राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना 2023-24 (शहरी नियोजन सुधार) - शहरों में बुनियादी शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार और तेजी लाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन का प्रावधान।

- राज्यों को पूंजीगत निवेश 2022-23 (शहरी नियोजन सुधार) के लिए विशेष सहायता योजना - शहरों में बुनियादी शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार और तेजी लाने के लिए 6,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन का प्रावधान।

- शहरी नियोजन और डिजाइन में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में शैक्षणिक संस्थानों की पहचान - 28 शैक्षणिक संस्थानों ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्तावों का व्यवस्थित मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। एक बार चयनित होने पर प्रत्येक केंद्र को 250 करोड़ रुपये की अक्षय निधि प्रदान की जाएगी।

- राष्ट्रीय शहरी नियोजन कॉन्क्लेव (2023) ने पारगमन-उन्मुख विकास, हस्तांतरणीय विकास अधिकार, स्थानीय क्षेत्र योजनाओं और नगर नियोजन योजनाओं, मास्टर प्लान और ब्लू और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, शहरी नियोजन उपकरणों तथा आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने हेतु ज्ञान साझा करने के लिए एक एंकर के रूप में कार्य किया।

*****